भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2438

उत्तर देने की तारीख : 01.08.2016

मध्य प्रदेश में बालिका शिक्षा प्रांगण

2438. श्री कांति लाल भूरिया:

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश में सबसे कम साक्षरता दर वाले जिलों में 13 बालिका शिक्षा प्रांगण खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है/मंजूरी देने का प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा गत वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृत की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन बालिका शिक्षा प्रांगणों में कार्य कर रहे विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों को उनका मानदेय आदि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुरुप प्रदान नहीं किया जा रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या सरकार का इन शिक्षा प्रांगणों में कार्य कर रहे कर्मचारियों को दिए जा रहे न्यूनतम मजदूरी और मानदेय में वृद्धि करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनके मानदेय में कब तक वृद्धि करने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर)

(क) तथा (ख) : जी, हां। जनजातीय कार्य मंत्रालय "कम साक्षरता वाले जिलों में अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं के बीच शिक्षा के सुदृढ़ीकरण" योजना के तहत मध्य प्रदेश जनजातीय कल्याण आवासीय एवं आश्रम शिक्षा संस्था सोसाइटी, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्य प्रदेश की 13 परियोजनाओं का निधियन करता रहा है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों द्वारा प्रचालित 12 अन्य परियोजनाएं योजना के तहत मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित की गई हैं। योजना के तहत मध्य प्रदेश में मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओंकी सूचीऔर गत तीन वर्षों में जारी निधियां**अनुलग्नक** में दी गई हैं।

(ग) से (च) : परियोजनाओं में लगाए गए कर्मचारी/स्टॉफ को मानदेय का वित्त पोषण दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है जो 2008-09 में अंतिम बार1 अप्रैल, 2008 से संशोधित किया गया था।

******

अनुलग्नक

"मध्य प्रदेश में बालिका शिक्षा प्रांगण" के संबंध मेंश्री कांति लाल भूरिया द्वारा दिनांक 01-08-2016 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2438 के भाग (क) तथा (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

कम साक्षरता वाले जिलों में अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं में शिक्षा के सुदृढ़ीकरण' की योजना के तहत वर्ष2013 14-से 16-2015 के दौरान वित्त पोषित संगठनों की सूची|				
				(राशि रुपये में)
क्र.सं.	पते सहित एनजीओवीओ/ का नाम	2013-14	2014-15	2015-16
मध्य प्रदेश				
1	आदर्शलोक कल्याण संस्था, जे.आर.बिरला रोड, नियर ज्ञान मंडी हायरसेकेंडरी स्कूल, सतना, मध्य प्रदेश (2-एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स)	5905810	0	5905825
2	अमय ग्रामीण उत्थान समिति, 86, चंद्रशेखर आजाद मार्ग, रानापुर, पिन 457993, ब्लॉकरानापुर-,जिलाझाबुआ-, मध्य प्रदेश।(**छात्रावास परियोजना)**	1106670	3580963	0
3	बंधेवाल शिक्षा समिति, जिला हरदा, 92, पुराना नारियल खेड़ा, भोपाल, 462038, भोपाल, मध्य प्रदेश	0	8268370	0
4	केशव ग्रामोत्थान शिक्षण समिति, ग्राम-टिकरिया, जिला-डिंडोरी, मध्य प्रदेश(2 एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स)	4612000	9973240	0
5	मध्य प्रदेश ट्राइबल वेलफेयर रेसिडेंसियल एण्ड आश्रम एजुकेशनल इंस्टीट्यूट सोसाइटी, सतपुरा भवन, भोपाल, मध्य प्रदेश **(13 प्रोजेक्ट)**	31172132	18675490	0
6	एम.पी.अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग कल्याणसमिति, 166-ई, मुनिनगर, उज्जैन, मध्य प्रदेश	2208884	4801047	0
7	पुष्पा कॉन्वेंट एजुकेशन सोसाइटी, ऐट--पटेल नगर, ब्लॉक-गोराडोंगरी, जिलाबैतूल-, पिन पुष्पा नगर 462010, भोपाल,मध्य प्रदेश	0	2496430	0
8	पांडेशिक्षा समिति, ग्राम बमराहा, सथा, मध्य प्रदेश	2156000	0	0
9	राजेन्द्रआश्रम ट्रस्ट, एट/पो.-कथिवाडा, जिला-झाबुआ, मध्य प्रदेश	2573904	5386648	0
10	सव्यसांची सेंटर फॉर अरबन एण्ड रुरल डिवलपमेंट, एट-अमर निकुंज, अर्जुन नगर, सिधि, जिला सिधि, पिन- 486661, मध्य प्रदेश	10728459	0	5340040
11	श्रीरामकृष्ण विवेकानन्द सेवाश्रम, मांई की बगिया, अमरकंटक, जिला अनुपुर पिन 484886, मध्य प्रदेश	3817720	3921040	0
12	ग्रामीणसेवा केन्द्र, एट/पो.-मंडलीनाथु, तहसील-रानापुर, जिला झाबुआ, पिन-457993, मध्य प्रदेश	0	0	3111980
13	मध्यप्रदेश आदिवासी सेवक संघ, जिला-शाहडोल, मध्य प्रदेश	4312000	0	0
	कुल	**68593579**	**57103228**	**14357845**

*योजना के तहत वर्ष 2016-17 के दौरान उपर्युक्त एनजीओ/सोसाइटी को कोई निधि जारी नहीं की गई हैं।